









# चंबल में बाढ़ का संकट, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 जुलाई।** चंबल नदी में बढ़ते जल स्तर के कारण अटेर क्षेत्र के गांवों में बाढ़ का संकट गहरा गया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने गुरुवार को स्वयं बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की तथा प्रभावित नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलभराव की स्थिति का तत्काल आंकजन करें और शासकीय अमला प्रभावित क्षेत्रों में लगातार भमण करता रहे। उन्होंने आश्रय स्थलों पर भोजन, पानी, चिकित्सा एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।

**प्रभावित गांवों में प्रशासन मुस्तैद, नागरिकों से संवाद :** कलेक्टर श्रीवास्तव ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों, महिलाओं, बुजुगी एवं किसानों से बातचीत की और आश्वस्त किया कि प्रशासन हर संभव सहायता करेगा। उन्होंने सभी से अपील की कि बाढ़ के पानी का सेवन न करें एवं केवल उबला हुआ पानी ही पिएं।

**स्थानीय प्रशासन का सक्रिय अभियान :** लहार एसडीएम विजय सिंह यादव, तहसीलदार मिहोना अमित दुबे, तहसीलदार लहार दीपक शुक्ला द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण कर स्थिति का जायजा किया गया। ग्राम लहचूरा में पुलिया पर करीब 6 फीट पानी होने पर बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता बंद किया गया तथा कोटवारों की ड्यूटी लगाई गई, ताकि कोई भी अनहोनी न हो।

**280 लोग शिफ्ट, राहत शिविरों में भोजन की व्यवस्था :** तहसीलदार लहार दीपक शुक्ला ?द्वारा ग्राम लिलवारी के 280 लोगों को उनके रिश्तेदारों के यहां तथा लगभग 100 लोगों को गिरवासा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में सुरक्षित रूप से स्थानांतरित किया गया। प्रशासन द्वारा वहां भोजन के पैकेट वितरित किए गए एवं स्वास्थ्य सुविधा भी सुनिश्चित की गई।

**रौन क्षेत्र से भी परिवारों को सुरक्षित किया गया :** तहसीलदार रौन श्रीनिवास शर्मा ने ग्राम इंदुरखी से 10, निबसाई से 9 और पडोरा से 4 परिवारों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

### एनडीआरएफ की टीम तैनात, प्रशासन अलर्ट

एसडीएम लहार विजय सिंह यादव ने बताया कि एनडीआरएफ की एक टीम लहार में तैनात कर दी गई है, जो किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नदी या जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न आएं, एवं प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

# अभियान का समापन, जागरूकता रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दिया नशा मुक्ति का संदेश

'नशा से दूरी है जरूरी'

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 जुलाई।** जिले में चलाए जा रहे 'नशा से दूरी है जरूरी' जन जागृति अभियान का समापन समारोह बड़े स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित कार्य योजना के अंतर्गत संचालित हुआ, जिसका उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित करना रहा।



**600 से अधिक लोगों ने ली नशा मुक्ति की शपथ :** समापन दिवस पर सुबह 9 बजे शहर के राजीव गांधी स्टेडियम से इंदिरा गांधी चौराहा तक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें नगर रक्षा समिति, ग्राम रक्षा समिति, कॉलेज छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, एनजीओ व जिला पुलिस बल सहित लगभग 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य समाज में नशे के प्रति जागरुकता फैलाना एवं युवाओं को सही मार्ग की और अग्रसर करना था। रैली के उपरांत रक्षित निरीक्षक अरविंद सिंह सिकरवार द्वारा सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कोतवाली थाना प्रभारी ब्रजेंद्र सेंगर, सूबेदार आदित्य मिश्रा, प्रधान आरक्षक रामकुमार पांडे, गौरव मिश्रा, आरक्षक मृगेंद्र सिंह जादौन, संजय शिवहरे, उदयभान सिंह तोमर, प्रशांत कुशवाह, पवन यादव, एवं एथलीट कोच शिवम तोमर सहित कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### समापन समारोह में सामाजिक सहभागिता की मिसाल

दोपहर 12 बजे, कंट्रोल रूम परिसर में समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक ने की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कामना भदौरिया, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा वाल्मीकि, सीएसपी निरंजन राजपूत, रक्षित निरीक्षक अरविंद सिंह सिकरवार, एवं एनजीओ हम फाउंडेशन से प्रो . इकबाल अली सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# पुलिस ने कट्टे सहित युवक को दबोचा



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 जुलाई।** सिटी कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए शहर में वारदात की नियत से घूम रहे एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाली थाना टीआई बृजेंद्र सेंगर के निर्देशन में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आमिर पुत्र अनवर पठान उम्र 23 वर्ष निवासी खिरकिया मोहल्ला को कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, युवक संदिग्ध रूप से शहर के एक इलाके में घूम रहा था। मुखबिर से सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर युवक को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने वारदात की नीयत से हथियार लेकर घूमने की बात कबूली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है और उससे आगे की पूछताछ की जा रही है। टीआई बृजेंद्र सेंगर ने बताया कि अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस मुस्तैद है और किसी भी आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


# निर्माणाधीन डेम टूटने पर उपनेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 जुलाई।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अटेर विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष हेमन्त कटारे ने अपने विधानसभा क्षेत्र में क्वारी नदी पर

**मंत्री से मांगा जवाब**

ग्राम डिडी में निर्माणाधीन डेम के टूटने का मामला जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट से सवाल करते हुए कहा कि यह घटना भ्रष्टाचार का जीवंत उदाहरण है।

कटारे ने कहा कि डेम बनने से



पहले ही टूट गया, यह दिखाता है कि किस तरह से गुणवत्ता की अनदेखी कर भ्रष्टाचारपूर्ण तरीके से निर्माण कार्य कराया गया। उन्होंने कहा कि डेम टूटने से ग्रामवासियों, विशेष रूप से किसानों की कई एकड़ जमीन नदी के कटाव और बहाव में समा गई, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

**'न मुआवजा, न राहत' किसानों के आंसू पोंछने नहीं पहुंचा कोई अधिकारी :** विधायक ने विधानसभा में यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद न तो किसी अधिकारी ने क्षेत्र का दौरा किया, न ही पीड़ित किसानों से कोई संवाद किया गया। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आज तक न किसी किसान को मुआवजा मिला, न ही जिम्मेदार अधिकारियों या ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई हुई। कटारे ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों की निष्क्रियता और सरकार की चुप्पी यह स्पष्ट करती है कि यह भ्रष्टाचार मिलीभगत का परिणाम है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो इससे भ्रष्ट ठेकेदारों और अफसरों के हौसले और बढ़ेंगे।

### जिम्मेदारों पर कब होगी कार्रवाई

विधायक ने जल संसाधन मंत्री से सीधा सवाल किया कि आखिर इस पूरे प्रकरण में निर्माणकर्ता ठेकेदार और निगरानी कर रहे अधिकारियों पर कब तक कार्रवाई होगी? उन्होंने मांग की कि भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सके। विधायक कटारे ने मंत्री से यह भी अपेक्षा जताई कि भविष्य में डेम निर्माण सहित अन्य सार्वजनिक निर्माणों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और सभी जिम्मेदार अधिकारियों को गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए जाएं।

# ई-केवाईसी नहीं कराने पर राशन से वंचित हो सकते हैं हितग्राही



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 जुलाई।** जिले में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार पात्रता पर्चीधारी हितग्राहियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी सुनील कुमार बोहित ने बताया कि जिले में अप्रैल 2025 से शुरु हुए इस अभियान के तहत अब तक उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

बोहित के अनुसार, अभियान प्रारंभ होते समय जिले में कुल 9,95,370 हितग्राही पंजीकृत थे, जिनमें से अब तक 819092 हितग्राहियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इस दौरान 91,928 अपात्र, मृत अथवा विवाह के कारण अन्य परिवार में सम्मिलित हो चुके सदस्यों को राशन सूची से विलोपित किया गया है।

**अब भी 84 हजार से अधिक हितग्राही शेष :** वर्तमान में जिले में 84,350 हितग्राही ऐसे हैं, जिनकी ई-केवाईसी अभी तक नहीं हुई है। इनकी केवाईसी की प्रक्रिया जिले में संचालित 574 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्रतिदिन जारी है। दुकानों पर लगे पीओएस मशीन द्वारा यह्र कार्य पूरी तरह नि:शुल्क किया जा रहा है।

### पात्र परिवारों से किया गया आग्रह

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि वे अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य के साथ आधार कार्ड लेकर निकटतम शासकीय उचित मूल्य दुकान पर जाएं और ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी सदस्य की ई-केवाईसी नहीं होती है, तो भविष्य में उसे राशन के लाभ से वंचित किया जा सकता है।

### समस्या होने पर करें सम्पर्क

बोहित ने बताया कि ई-केवाईसी पूरी तरह निशुल्क है और यदि किसी हितग्राही को प्रक्रिया में कोई कठिनाई आती है तो वह अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय की खाद्य शाखा से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है।

# सहायक कोषालय अधिकारी का विदाई समारोह आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 जुलाई।** भिंड जिला कोषालय कार्यालय में कार्यरत सहायक कोषालय अधिकारी मोतीराम केमोखरिया के सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को एक गरिमामय सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पमाला, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह स्वरूप उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने केमोखरिया को दीर्घायु और सुखद जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उनके ईमानदार एवं समर्पित सेवाकाल की सराहना की। सहकर्मियों ने कहा कि सरल स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक कैमोखरिया ने 39 वर्ष 2 माह 29 दिन की लंबी अवधि तक शासकीय सेवा में रहते हुए सदैव अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा से निर्वहन किया। यही कारण है कि वे सभी के प्रिय और सम्मानित सहयोगी रहे।

**सेवा में रिश्ते कभी नहीं टूटते :** अपने विदाई वक्तव्य में मोतीराम केमोखरिया ने भावुक होते हुए कहा कि सेवानिवृत्त होना शासकीय सेवा का एक स्वाभाविक चरण है। यह प्रक्रिया रिश्तों को न तो तोड़ती है और न ही कम करती है। उन्होंने सभी सहयोगियों के साथ बिताए पलों को मधुर स्मृति बताते हुए, सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के पति आभार प्रकट किया।

### अधिकारियों और कर्मचारियों ने दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी दिनेश ओझा, सहायक पेंशन अधिकारी सुरेंद्र जैन, प्रोग्रामर विजय कुमार जैन, एस .एन . सोनी, योगेन्द्र बरसेना, सौभाग्य चौधरी, विनोद कुमार नंदनवार, प्रेम सिंह, यदुनाथ सिंह नरवरिया, उमेश दुबे सहित कोषालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कैमोखरिया का माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का माहौल स्नेह, सम्मान और स्मृतियों से भरा हुआ जहां सभी ने श्री केमोखरिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ उन्हें भावपूर्ण विदाई दी।

# अभियान को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने किया पौधरोपण

'एक पेड़ मां के नाम'

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत

**जिलाध्यक्ष विजय दैपुरिया के नेतृत्व में मिशन स्वच्छ पार्क में पौधरोपण**

भाजपा किसान मोर्चा भिंड द्वारा जिले में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस पुनीत अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय दैपुरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शेर के प्रमुख धार्मिक स्थल गौरी के किनारे स्थित मिशन स्वच्छ पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान दैपुरिया ने बताया कि अटेर विधानसभा के ग्राम कयारीपुरा में किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण करते हुए जलदान भी किया गया। उन्होने कहा कि जिले के सभी 29 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता पौधरोपण में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

**पर्यावरण रक्षा का संकल्प :** जिलाध्यक्ष विजय दैपुरिया ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, जो न केवल ऑक्सीजन और शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन में भी अहम भूमिका निभाते हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी नेतृत्व में यह पौधरोपण अभियान एक जन-आआंदोलन बनता जा रहा है, जिसे प्रत्येक नागरिक को अपनाना चाहिए।

### कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता

इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह उर्फ टंटी राजावत, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष श्याम सिंह राठौर, मण्डल महामंत्री सतेंद्र सिंह कुशवाह, नगर मण्डल मंत्री सूरज बरुआ, मोर्चा मंत्री महेंद्र सिंह कुशवाहा, मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अवनीश त्रिपाठी, गौरव शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मेहगांव टीबी यूनिट का निरीक्षण, सुविधाएं सुधारने के निर्देश



**भिंड, 31 जुलाई।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ब्लॉक मेहगांव स्थित टीबी यूनिट का संयुक्त निरीक्षण जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. देवेश शर्मा एवं डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट डॉ. एस. एस. तोमर द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान टीबी नियंत्रण से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे कि रिकॉर्ड संधारण, माइक्रोस्कोपी, सैंपल कलेक्शन, परीक्षण प्रक्रिया, तथा पोर्टल प्रविष्टियों की गहन समीक्षा की गई।

**लैब स्थान परिवर्तन के निर्देश :** निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि वर्तमान में टीबी लैब के कार्य हेतु स्थान अपर्याप्त है एवं वहां एयर कंडीशनिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे रोगियों व स्टाफ को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए निरीक्षण दल ने निर्देश दिए कि लैब को नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित किया जाए, जिससे बेहतर एवं सुगम सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

**स्टाफ की उपस्थिति व कार्य संतोषजनक :** निरीक्षण के दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनिल शर्मा, मंगल भदौरिया, धर्मेंद्र यादव, अवनीश दैपुरिया, एवं के.पी. सिंह भी उपस्थित रहे। निरीक्षण दल ने संतोष व्यक्त किया कि यूनिट में कार्यरत समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे एवं वे अपने निर्धारित दायित्वों का भलीभांति निर्वहन कर रहे थे।

**प्रगति में और सुधार के निर्देश :** निरीक्षण टीम ने स्टाफ को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अभियान की प्रगति को और गति प्रदान की जाए, तथा हर संभव प्रयास कर टीबी मरीजों तक सुविधाएं समय पर पहुँचाई जाएं। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी संभव है जब ग्रामीण क्षेत्रों तक भी सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो।

# गुरु शिष्य परंपरा पर पूज्य संत शांतिदास महाराज का हुआ पुष्पाभिषेक



**मेहगांव, 31 जुलाई।** नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान दरबार पर चल रही 21दिवसीय शिव महापुराण कथा में अंतिम दिवस कथा सुनाते हुए कथा कथा वाचक आचार्य आशीष शास्त्री जी ने शिवमहापुराण का सार सुनाते हुए कहा जो भी व्यक्ति सावन माह में शिव आराधना करने के साथ शिवमहापुराण कथा सुनेगा उसकी भूत भावन भोले नाथ सभी मनोकामना पूर्ण करेंगे इसी के साथ की खेड़ापति दरबार के सेवक एड.शिवम चौधरी जी ने महाराज जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा महाराज श्री शांतिदास जी नारियल के समान है बहार से कठोर और अंदर से नर्म संत शिवपुराण की तरह विशाल है जिससे समझने के लिए भी संत कृपा चाहिए कथा स्थल पर धंधुबाबा,फक्कड़ बाबा, गुड्डू बाबा सुद्ध बाबा आदि लोग उपस्थित रहे।

# गाय से मोटरसाइकिल टकराई, चालक गंभीर घायल

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 31 जुलाई।** घटना गोहद थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बंजारे का पुरा पर बुधवार रात्रि 8,30 की है जहां भिंड से ग्वालियर के लिए जा रहे,एक मोटरसाइकिल चालक जितेंद्र उर्फ निलेश पिता राजपाल सिंह परमार उम्र 32 साल निवासी किला गेट घास मंडी ग्वालियर, भिंड से ग्वालियर के लिए जा रहा था की तभी बंजारे की पूरा पर रोड पर घूम रही एक गए से जितेंद्र की



मोटरसाइकिल टकरा गई जिस कारण, जितेंद्र के सर में और हाथ पैरों में काफी चोटें आई, और उसके कान से खून निकलने लगा राहगीर और स्थानीय रहवासियों ने तुरंत जितेंद्र की मदद के लिए दौड़े।

उसी समय वहां से गुजर रहे 108 जननी एक्सप्रेस के पायलट मुरारी लाल गोस्वामी ने जब लोगों की भीड़ लगी देखी, तो इंसानियत और मानवता के नाते उन्होंने एंबुलेंस रुक कर जब घायल जितेंद्र की गंभीर अवस्था को देखा, तो इसकी सूचना तुरंत अपने संभागीय अधिकारी गिर्राज सिंह तोमर को दी, उन्होंने तुरंत मरीज की गंभीर अवस्था को समझते हुए तुरंत मरीज को 108 जननी एक्सप्रेस से अस्पताल पहुंचाने की परमिशन दी, पायलट मुरारी लाल गोस्वामी नई बिना देरी किए शीघ्र घायल जितेंद्र को स्थानीय निवासी और राहगीरों की सहायता से तुरंत अपनी108 एंबुलेंस में लिटाया, तब तक पुलिस और जितेंद्र की रिश्तेदार भी आ गए, पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी ने बिना कोई देरी किए मरीज को शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद में ले जाकर भर्ती करवाया और इलाज चालू करवाया, जिससे घायल मरीज जितेंद्र और नीलेश को समय रहे थे अब सही उपचार मिल सके और उसकी जान बचाई बचाई जा सके, प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जितेंद्र की गंभीर अवस्था को समझते हुए तुरंत 108 एंबुलेंस से ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया।